# चोरी के शक में मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने स्टेशन रोड पर चोरी की शक में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हो रहा है। सिटी कोतवाली पुलिस के निरीक्षक रविंद्र द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि चोरी के संदेह में एक अज्ञात व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया क पुलिस को सूचना मिली कि स्टेशन रोड पर तीन लोग एक व्यक्ति को बुरी तरह पीट रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मारपीट करने वालों को रोकने का प्रयास किया।



इस दौरान आरोपियों ने बीच-बचाव करने आए राहगीर भोला सोनी के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से तीनों आरोपियों को काबू में किया और थाने लेकर आई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मनोहर विश्वकर्मा,हर्ष विश्वकर्मा और गोलू विश्वकर्मा बताया। तीनों के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 622/25 के तहत मामला दर्ज किया गया। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया,जहाँ से माननीय न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया है। सभी आरोपी प्रेम विहार कॉलोनी के रहने वाले हैं। सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें तीनों आरोपी व्यक्ति को लात घूसे और बेल्ट से बेरहमी के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन और विभागीय कार्यों की समीक्षा



**सतना।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने अधिकारियों के साथ सीएम हेल्पलाइन के लंबित मामलों और अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य,अपर कलेक्टर विकास सिंह,डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन सुनीं समस्याएं



**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सोमवार शाम 4 बजे 'समाधान ऑनलाइन' कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के आवेदकों से उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी संबंधित जिलों के कलेक्टरों और विभागों के प्रमुख सचिवों से ली।सतना कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में इस दौरान कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना और अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित अन्य विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### देवराज नगर में एक बोरी खाद के लिए जद्दोजहद, चिलचिलाती धूप में घंटों इंतजार



**सतना।** देवराजनगर स्थित मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के केंद्र पर इन दिनों खाद पाने के लिए किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद,किसान एक बोरी खाद के लिए घंटों लाइन में खड़े होने को मजबूर हैं।हालात ये हैं कि सुबह से ही किसान केंद्र पर पहुंच जाते हैं,लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। खाद वितरण की धीमी रफ्तार और अनियमितता के कारण किसानों में भारी आक्रोश है। कई किसानों ने बताया कि उन्हें कई दिनों से चक्कर लगाने पड़ रहे हैं,जिससे न केवल उनका समय बर्बाद हो रहा है,बल्कि आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।



## चित्रकूट में दर्दनाक हादसाः तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से 7 साल की बच्ची की मौत



**सतना।** चित्रकूट के रजौला में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ,जहां एक तेज रफ्तार टूरिस्ट बस की टक्कर से सात साल की मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब बच्ची अपनी मां के साथ दवा लेने गई थी और सड़क पार कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रजौला के पास सड़क पार करते समय एक टूरिस्ट बस ने बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद इलाके में मातम पसर गया। बच्ची की मां सदमे में है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जेल प्रहरी ने ड्युटी के दौरान बुलेट पर रखकर काटा केक



**सतना।** केंद्रीय कारागार में तैनात जेल प्रहरी संजीव गुर्जर एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। 4 सितंबर की रात उन्होंने जेल चौकी क्रमांक-2 के सामने अपनी बुलेट बाइक पर केक काटकर जश्न मनाया। इस दौरान बनाया गया वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। संजीव गुर्जर का यह पहला विवादित कृत्य नहीं है। 31 अगस्त को वह शराब के नशे में ड्यूटी करते हुए पकड़े गए थे। जेलर श्रीकांत त्रिपाठी ने इसकी पुष्टि की थी और उनका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया था। इसके अलावा उन पर एक पुराना आपराधिक मामला भी दर्ज है।लगभग पांच वर्ष पूर्व उन्होंने नई बस्ती में एक घर में घुसकर मारपीट की थी,जिसका मामला अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है। केंद्रीय कारागार सतना की अधीक्षक लीना कोष्ठा ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जारही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जेल प्रहरी के इस व्यवहार से न केवल विभाग की छवि को नुकसान पहुंचा है,बल्कि जेल की सुरक्षा और अनुशासन पर भी प्रश्न उठ रहे हैं।

# खाद की कमी से किसानों में गुस्सा सतना-पन्ना मार्ग पर लगाया जाम

**सतना।** जिले में सरकारी दावे खोखले साबित हो रहे हैं किसान खाद के लिए तो रोज परेशान हो रहा है। सोमवार सुबह सिविल लाइन स्थित खाद गोदाम के बाहर किसानों को खाद नहीं मिली। नाराज होकर किसानों ने सतना-पन्ना मार्ग पर जाम लगा दिया और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। घंटों लाइन में लगने के बाद खाली हाथ लौटे किसानों का कहना है कि वे रोज सुबह से लाइन में लगते हैं।घंटों इंतजार करने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। उनका कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से फसल खराब होने का खतरा है। प्रदर्शन के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस और प्रशासन ने किसानों को समझाने की कोशिश की,लेकिन किसान अपनी मांग पर डटे रहे।

### 9 हजार से ज्यादा किसानों को नहीं मिली खाद

जिले में पिछले कई दिनों से खाद की किल्लत बनी हुई है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा। मार्कफेड से टोकन लेने के बाद भी 9,206 किसानों को यूरिया नहीं मिल पाया है। इनमें सबसे ज्यादा 6 हजार किसान मैहर के हैं। अमरपाटन में 3,300 और रामनगर में 300 किसान प्रभावित हैं। इसके अलावा सतना के सिविल लाइन सेंटर में 600,शेरगंज में 185,नागौद में 371 और उचेहरा में 450 किसान टोकन लेने के बावजूद यूरिया का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि धान की फसल बचाने के लिए यूरिया तुरंत चाहिए। किसानों ने सतना-पन्ना मार्ग पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।



## मैहर में किसान कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग





**मैहर।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान और जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल (एड.) के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एसडीएम दिव्या पटेल,नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान सहित पुलिस बल भी मौजूद था।ज्ञापन में किसानों और आम जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। मुख्य मांगों में खाद की कमी और बिजली समस्या प्रमुख थी। किसानों का कहना है कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही और टोकन व्यवस्था में भी दिक्कतें हैं। वहीं,जले हुए ट्रांसफार्मरों को समय पर न बदलने और स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी से भी वे परेशान हैं। इसके अलावा,ज्ञापन में भूमाफिया पर कार्रवाई की मांग की गई,जो क्षेत्र में आदिवासियों की जमीनें अवैध रूप से बेच रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन पर झूठे मुकदमे दर्ज करने का भी आरोप लगाया और इनकी निष्पक्ष जांच की मांग की। शहर की सड़कों और सफाई व्यवस्था में सुधार की भी अपील की गई,क्योंकि सीवर लाइन के काम के कारण सड़कें खराब हो गई हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर इन समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हुआ तो किसान कांग्रेस आंदोलन करेगी।

# कसौधन वैश्य नवयुवक मंडल की बैठक सम्पन्न,गरबा महोत्सव की तैयारी शुरू

**सतना।** कशौधन वैश्य नवयुवक मंडल की बैठक कशौधन धर्मशाला,पॉवर हाऊस चौक, सतना में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कशौधन वैश्य समाज सतना के जिलाध्यक्ष राधिका प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक का शुभारंभ महर्षि कश्यप ऋषि की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य इस वर्ष भी कशौधन गरबा महोत्सव 2025 का सफल आयोजन करना था। यह आयोजन नव युवक मंडल और महिला मंडल द्वारा कशौधन वैश्य समाज सतना के तत्वावधान में किया जाएगा। बैठक में सबसे पहले पिछले साल के गरबा महोत्सव की समीक्षा की गई। इसके बाद,सभी वरिष्ठ और युवा सदस्यों ने आगामी आयोजन को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सर्वसम्मति से इस वर्ष के गरबा महोत्सव का संयोजक पुनः वरिष्ठ मंत्री अशोक गुप्ता (गंगाधाम) को नियुक्त किया गया। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर समापन तक की पूरी विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।इस बैठक में जिलाध्यक्ष राधिका प्रसाद गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश,महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता,कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता (तमरा) सहित अन्य कई वरिष्ठ पदाधिकारी और युवा साथी उपस्थित थे। बैठक का आभार नवयुवक मंडल के महामंत्री योगेश गुप्ता ने व्यक्त किया।



## यूरिया की कालाबाजारी का वीडियो सामने आया




**सतना।** जिले में यूरिया खाद की कालाबाजारी का एक नया मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर कोठी कस्बे के श्रीराम एग्रीकल्चर में एक विक्रेता और किसान के बीच हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दुकानदार किसान से कह रहा है कि जिंक के साथ यूरिया 480 रुपए में मिलेगा। बिना जिंक के यूरिया उपलब्ध नहीं है। जब किसान ने सरकार द्वारा निर्धारित दर और रसीद की मांग की,तो दुकानदार ने चुनौती दी कि वह 350 रुपए की दर से दो ट्रक यूरिया दिलवा दें। रसीद की मांग पर दुकानदार ने इनकार कर दिया।

### सहकारी समितियों में किसानों की भारी भीड़

वर्तमान में जिले की मार्कफेड गोदाम और सेवा सहकारी समितियों में किसानों की भारी भीड़ देखी जा रही है।निजी दुकानदार इस स्थिति का फायदा उठाकर सरकारी दर से अधिक कीमत पर खाद बेच रहे हैं। जिला प्रशासन हर शिकायत पर कार्रवाई कर रहा है। इससे पहले कोठी के सोनी फर्टिलाइजर का भी इसी तरह का वीडियो वायरल हुआ था। एसडीएम एलआर जांगिड़ के आदेश पर दुकान को सील कर दिया गया था। साथ ही पटवारी के साथ अभद्रता के लिए एफआईआर भी दर्ज की गई थी।

## जरियारी में बक्साइट खदान को नहीं मिली स्वीकृति,पंचायत ने पास किया विरोध प्रस्ताव

**मैहर।** मैहर जिले के जरियारी ग्राम में वन क्षेत्र को बचाने की मुहिम में जुटे ग्रामीणों ने बक्साइट खदान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पंचायत की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर यह साफ कर दिया गया है कि खनन कार्य के लिए किसी भी तरह का अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया जाएगा। दर असल,मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड को कलेक्टर कार्यालय खनिज शाखा,जिला मैहर द्वारा 26 अगस्त को पत्र क्रमांक 471/खनिज/2025 जारी कर बाक्साइट खनन की स्वीकृति का उल्लेख किया गया था। इसी पत्र के विरोध में पंचायत प्रतिनिधि त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों का कहना है कि वन क्षेत्र में खनन से पर्यावरण को भारी नुकसान होगा और स्थानीय लोगों को कोई सीधा फायदा नहीं मिलेगा। उनका आरोप है कि कुछ बाहरी कारोबारी और अधिकारी मिलकर सांठगांठ से क्षेत्र को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। ग्राम पंचायत की बैठक में सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया कि पंचायत इस खनन कार्य के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं करेगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने उनकी अनदेखी कर खनन को आगे बढ़ाया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# युवा संसदः 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर मंथन गुरुवार को

**सतना।** आगामी 11 सितंबर को लाल पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित होने वाली युवा संसद की तैयारियां अपने चरम पर हैं। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का विषय एक राष्ट्र,एक चुनाव है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारत सरकार के कृषि,किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री तथा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डिग्री कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सुरेश चंद्र राय के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थल पर होने वाली सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।इस दौरान आयोजन से जुड़ी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा भी हुई। सतना और मैहर जिले के सांसद गणेश सिंह के मार्गदर्शन में हो रहे इस कार्यक्रम में जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों के साथ-साथ हायर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला मंत्री और कार्यक्रम के संयोजक श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट), सह-संयोजक उपेंद्र तिवारी (एडवोकेट),महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीषा सिंह,पी.जी. कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विजय यादव, शैलेंद्र सिंह,सुनील सिंह,और कॉलेज के प्राध्यापक सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस युवा संसद का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतंत्र की बारीकियों को समझने का मौका देना है और उन्हें एक राष्ट्र,एक चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के विषय पर अपने विचार खुलकर व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।



## खबर संक्षेप

### अचानक विषधारी विष खोपड़ा बस स्टैंड की दुकान में मची खलबली



पन्ना। सिमरिया बस स्टैंड में मच गई खलबली अचानक विषधारी विष खोपड़ा बस स्टैंड की दुकान में अचानक सामने आ गया दुकान में बैठे सभी ग्राहक भागने लगे आसपास भीड़ लग गई ग्रामीण भाषा में इसे गुहेरा बोला जाता है बहुत ही विषैला जीव होता है सिमरिया सरपंच स्वयं सर्प और विषधारी जीवों का रेस्क्यू करते हैं मौके पर तुरंत सरपंच के द्वारा गुहेरे का रेस्क्यू किया गया सरपंच ने बताया इस जीव से बचना चाहिए इसके काटने से घबराहट में मृत्यु हो जाती है इसमें खतरनाक बैक्टीरिया होते हैं सिमरिया सरपंच अभी तक अनगिनत कोबरा सर्प अन्य सर्प और विषधारी जीवों का रेस्क्यू कर चुके हैं सिमरिया बस स्टैंड में हड़कंप मच जाने से अफरा तफरी मच गई सरपंच के इस हुनर की सिमरिया वासियों ने तारीफ की।

### बाईक बाईपास पर असंतुलित होकर गिरी जीजा साले घायल





अमानगंज। पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के अमानगंज- सिमारिया बाईपास सड़क मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाईक जो अमानगंज की ओर रही थी अचानक का संतुलित होकर गिर गई जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज हेतू दाखिल करबाया गया जहाँ दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें कटनी रिफर कर दिया गया घायल हुए युवको के नाम प्रमोद साहू पिता बारे लाल साहू 17 वर्ष निवासी मढ़िया हिनोता, पूरन साहू पिता संतु साहू उम्र 32 वर्ष निवासी चिखला सिमारिया बताए गए हैं जो आपस में जीजा साले हैं और अमानगंज की ओर अपने नाते रिश्तेदारियों में अपने नेवता वितरित करने आ रहे थे जो दुर्घटना का शिकार हो गए।

### मिढ़ासन में पितृ पक्ष का आरंभ, पूर्वजों को जल अर्पण करने का दौर शुरू

अमानगंज। मिढ़ासन नदी में रविवार से पितृ पक्ष का आरंभ होते ही क्षेत्र में पूर्वजों को तर्पण व जल अर्पण करने का धार्मिक क्रम शुरू हो गया है। कस्बे के विभिन्न घाटों जैसे चाकदही घाट, पुल घाट, झीन्ना घाट , फील्ड ग्राउंड घाट आदि पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने शास्त्रोक्त विधि-विधान से पितरों का स्मरण करते हुए तिलांजलि व जल अर्पण किया।



# झाड़ फूंक करने वाले युवक पर अस्पताल प्रशासन मेहरबान

## शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का मामला

पन्ना।

शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत दो दिवस पूर्व झाड़ फूंक करते युवक का वीडियो वायरल हुआ था जिसमे युवक के द्वारा प्रसव कराने आई महिला की झाड़ फूंक दो युवकों के द्वारा अस्पताल परिसर के अन्दर किया जा रहा था उन युवकों के खिलाफ अस्पताल प्रशासन ने अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कारवाही नहीं की। कारवाही के नाम पर अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ और स्वीपर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आखिर में सवाल यह है कि झाड़ फूंक करने वाला युवक किसके संरक्षण में अस्पताल परिसर के अन्दर अंधविश्वास और तंत्र मंत्र साधना की क्रिया करता है उसके खिलाफ प्रशासन ने अभी तक किसी भी प्रकार की कारवाही क्यों नहीं की आखिर इस झाड़ फूंक के पीछे का क्या खेल है और यह किसकी मिलीभगत से शाहनगर अस्पताल में बेखौफ तरीके से चल रहा है। गांव से आने वाले मासूम लोगों को कोन अंधविश्वास के जाल में फंसाकर पैसा ऐंठना चाहता है।

### इनका कहना है

उक्त मामले में ड्यूटी कर रहे समस्त स्टाफ पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**एसके लोधी बीएमओ शाहनगर**

# जिला प्रशासन के खिलाफ ब्राम्हण समाज ने किया व्यापक प्रर्दशन मुख्यमंत्री के नाम सोंपा ज्ञापन






**कलेक्टर पर मनमानी कार्रवाई को लेकर ब्राम्हण समाज के लोगों ने लगाया आरोप**

**कलेक्टर पूरी तरह से राजनैतिक दबाव में काम कर रहे है**

जिला प्रषासन ने श्रीकांत दीक्षित को टारगेट बना लिया जिनके खिलाफ बार-बार की जा रही कार्यवाही प्रषासनिक पद का इस्तेमाल राजनैतिक लाभ के लिये लोकतांत्रिक मूल्यों और न्याय सिद्धांतों के खिलाफ आखिर इसके पीछे क्या है दास्तां कलेक्टर के पीछे कौन राजनैतिक ताकत जो इस तरह के हालात को अंजाम देने के लिये कलेक्टर को कर सकती है विवस मामला जनचर्चा का बना विषय

पन्ना।

जिले में इन दिनों प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष का माहौल गहराता जा रहा है। मामला तब और तूल पकड़ गया जब सर्व ब्राम्हण समाज, पन्ना के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। समाज के लोगों का आरोप है कि कलेक्टर पन्ना राजनीतिक दबाव में आकर ब्राम्हण समाज को निशाना बना रहे हैं तथा लगातार मनमानी और अवैधानिक कार्रवाइयाँ कर रहे हैं। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर 'कलेक्टर मुर्दाबाद' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' 'कलेक्टर पन्ना चोर है' जैसे नारों से गूंज उठा। समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार श्रीकांत दीक्षित, प्रमोद पाठक, स्व. सुखनंदन पाण्डेय सहित कई ब्राम्हण परिवारों को लगातार परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कलेक्टर पन्ना ने श्रीकांत दीक्षित पर बीते कुछ महीनों में आधा दर्जन से अधिक मामलों में कार्रवाई की है। जबकि कई मामलों में अदालत से स्थगन आदेश भी मिल चुका है, इसके बावजूद नये-नये नोटिस थमा कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कार्रवाई केवल श्रीकांत दीक्षित तक सीमित नहीं रही, बल्कि अन्य परिवारों को भी टारगेट किया जा रहा है। कभी भूमि विवाद, कभी भवन तो कभी खनन जैसे मुद्दों को आधार बनाकर कार्रवाई की जा रही है। समाज का कहना है कि यह सब योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है ताकि समाज विशेष को कमजोर किया जा सके। समाज का आरोप है कि कलेक्टर पूरी तरह राजनीतिक दबाव में काम कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने श्रीकांत दीक्षित को टारगेट बना लिया है। यही कारण है कि उनके खिलाफ बार-बार कार्यवाही की जा रही है। समाज का कहना है कि प्रशासनिक पद का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है, जो पूरी तरह से लोकतांत्रिक मूल्यों और न्याय सिद्धांतों के खिलाफ है।

### कलेक्ट्रेट के बाहर गूंजे नारे

ब्राम्हण समाज के लोग भारी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे तो वहां माहौल गर्मा गया। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जिला प्रशासन की मनमानी के कारण समाज के लोगों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त हैं। लोगों का कहना था कि जब समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति को ही बार-बार निशाना बनाया जा रहा है तो आम नागरिकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि यह सिलसिला बंद नहीं हुआ तो आने वाले समय में बड़े आंदोलन की राह पर समाज को मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि अब तक हुई सभी विवादित एवं मनमानी कार्रवाइयों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। श्रीकांत दीक्षित और अन्य समाजजनों को उत्पीड़न से राहत दिलाई जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी नागरिक पर राजनीतिक दबाव में आधारित कार्रवाई न की जाए, जिससे प्रशासन पर जनता का विश्वास कायम रहे।

### आंदोलन को लेकर चेतावनी

समाज के वरिष्ठजनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सरकार ने हस्तक्षेप नहीं किया तो आंदोलन और उग्र होगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति का मामला नहीं है, बल्कि पूरे समाज की गरिमा और अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है। अन्याय और पक्षपात को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में विस्तार से कई मामलों का उल्लेख किया गया है। जिनमें श्रीकांत दीक्षित और अन्य समाजजनों पर हो रहे दमन को बताया गया। समाज का कहना है कि इनमें से कई मामलों में अदालत से राहत मिल चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक दबाव बनाकर कार्रवाई की जा रही है। प्रर्दशन के दौरान बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



### नवविवाहता ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

## परिजनों ने लगाए ससुराल पक्ष पर हत्या के आरोप पुलिस की उपस्थिति में हुआ अंतिम संस्कार

**गुनौर।** मामला गुनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम भटनवारा का है जहाँ पर कल दोपहर लगभग 2 बजे एवं नव विवाहता महिला सपना दहायत पति रामचंद्र दहायत उम्र 21 वर्ष नीवसी ग्राम भटनवारा थाना गुनौर बताइ जा रही है जोकि अपने ही ससुराल मे परिजनों के अनुसार फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है हासिल जानकारी अनुसार नव विवाहता की शादी 17 नवंबर 2024 को हुई थी वही मामले की सूचना पाकर गुनौर एसडीओपी सहित गुनौर थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा,पुलिस विवेचना शुरू की वही नव विवाहता महिला के मायके पक्ष द्वारा ससुराल पक्ष वालों पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं लड़की के पिता द्वारा ससुराल पक्ष वालों पर दहेज प्रताड़ना एवं हत्या के आरोप लगाए जा रहे है मामले को लेकर गुनौर थाना प्रभारी दीपक भदोरिया बताया की पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम सा छा गया है सदमे में आए परिजन बेटी का आत्मघाती कदम से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है, सब का पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को शव सोप दिया गया वही पुलिस की उपस्थिति में अंतिम संस्कार कार्यक्रम हुआ,पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। साथ ही मृतका के परिजनों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है।

### इनका कहना है -

कुछ दिन पहले लड़की की शादी की ओर नियारा कर दिआ, लेकिन वहा लोग नयारे जैसे नहीं रह रहे थे,फिर दामाद ओर उसके पापा, मम्मी ने गेट बंद कर के ऐसा मारा की लड़की सूज गई फिर लड़की को हमने फ़ोन लगाया की गुनौर आ जाओ ओर हमने सौ नंबर लगा दी, ओर सौ नंबर गांव पहुचे गई ओर लड़की को वहा से उठा लाई, ओर गुनौर में हम मिल गए फिर पुलिस वालों ने दामाद ओर उसके पापा को बहुत हड़काया, मेरी ओर लड़की का एक दोस नहीं पड़का गया ओर अब मेरी लड़की को मार डाला है दहेज़ के ऊपर से सावन ओर तीजा को लड़की घर आई तो बोल रही थी तुम्हारे घर बालो ने पैसे दिए कहा है ओर मेने 7 लाख दिए थे शादी में ओर एक गाड़ी दी।

**कौशल दहायत, मृतक के पिता**

नो महीने हुए शादी के 7 लाख नगद दिए 10 लाख की कही की शादी थी तो बोल रहे थे की हमें 10 लाख दों जब भी लड़की घर आती थी तो बोलती थी की मम्मी पैसे दे दों नहीं तो वो हमारी जान ले लेगे हमरे पास पैसे नहीं हो पाय हमें 1.50 लाख की गाड़ी दी ओर 3 लाख ओर माँग रहे थे इसके पहले भी इनका विवाद हुआ था लड़की का पेर तोड़ डाला था दामाद ने,पैसे की वजह से पेर तोड़ डाला ओर अब मेरी लड़की को फांसी लगा दी।

**संतोषी, मृतक की मां**

सूचना करता ने बताया कि जब उसकी पत्नी घर पर थी तो उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिस पर मर्ज पंजीकृत कर के जांच में लिया है जांच के बाद क्युकि वह नव विवाहता है एसडीओपी साब जिसकी जांच कर रहे है जांच के बाद जो भी तत्व आएंगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**दीपक भदौरिया, थाना प्रभारी गुनौर**

# नशा मुक्ति भारत अभियान की आवश्यकता



पन्ना।

छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय पन्ना के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान का कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी जी के आदेशानुसार एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मनोरमा गुप्ता ने नशा मुक्त अभियान की आवश्यकता एवं विभिन्न प्रकार के नशा से होने वाले रोगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा से आज हमारे देश में कितने परिवार बिखर गये और घरेलू हिंसा के शिकार हो गए। नशे से विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे फेफड़े , लिवर, किडनी आदि आज जानलेवा साबित हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में कुमारी रीता कोरी, ज्योति तिवारी, सरोज प्रजापति, कंचन पांडे एवं प्रिया रैकवार सभी बी एससी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने नशा से होने वाले दुष्परिणामों को बताया। प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर आर एम दत्ता द्वारा नशे की लत से आर्थिक नुकसान के बारे में बताया तथा गलत संगत का नकारात्मक प्रभाव किस प्रकार से पड़ता है, इस पर जोर डाला और विद्यार्थियों को समाज में नशा मुक्त अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने अपने उद्बोधन में नशे और लत में अंतर, नशे के प्रकार, व्यक्तिगत जीवन, परिवार तथा सामाजिक जीवन में उसके दुष्प्रभाव आदि की चर्चा करते हुए बताया कि नशा सर्वनाश की ओर ले जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर पी पी मिश्रा ने अमृत और विष में अंतर बताते हुए नशे के विभिन्न भयानक दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला एवं नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ सभी विद्यार्थियों को दिलवाई, डॉ मनोरमा गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डॉ प्रवीण गुप्ता डॉ राजेश शर्मा, डॉ निशांत खरे, वंदना कुशवाहा वर्षा सिंह जय चौरसिया की उपस्थिति रही।

# रैपुरा थाना क्षेत्र में ब्रिकी करने के उद्देश्य से अवैध शराब का भण्डारण करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**आरोपियो के कब्जे से 108 लीटर अवैध शराब कीमती करीब 45 हजार रूपये कीमत का मशरूका जप्त**



पन्ना।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार पन्ना पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में आज थाना रैपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब जप्त की जाकर आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिले में लगातार अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यावहियाँ की गई है । इसी कड़ी में थाना प्रभारी रैपुरा उनि संतोष यादव द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरूद्ध जानकारी हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी रैपुरा को सूचना दी गई कि एक संदेही व्यक्ति बिक्रय हेतु बड़ी मात्रा में अवैध शराब का भण्डारण किये है । थाना प्रभारी रैपुरा द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराकर अपने थाना स्टॉफ को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान जरगवां रोड पर पुराने खंडहर स्कूल ग्राम जरगवां पहुँचकर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही दौरान संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम दो देखकर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही से नाम पता पूँछे जाने पर उसके द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेही के कब्जे से खंडहर स्कूल जरगवां के कमरो की तलाशी लिये जाने पर एक कमरे में खाकी रंग के कुल 12 कार्टून रखे पाये गये । उक्त कार्टूनो को खोले जाने पर कार्टूनो में 50-50 क्वार्टर कुल 600 क्वार्टर अवैध देशी प्लेन शराब के कुल मात्रा करीब 108 लीटर कुल कीमती करीब 45 हजार रूपये की जप्त की गई है। मामले में आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई एवं एक अन्य आरोपी फरार है। आरोपियों के विरूद्ध थाना रैपुरा में अप.क्र. 214/25 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया है।

**जप्त सामग्री** – पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से कुल 600 क्वार्टर अवैध देशी प्लेन शराब के कुल मात्रा करीब 108 लीटर कुल कीमती करीब 45 हजार रूपये की जप्त की गई है।

**गिरफ्तार आरोपी** – पुलिस टीम द्वारा मामले में अनमोल सोनकर पिता छन्नू सोनकर उम्र 19 वर्ष निवासी कछनरवा नाला के पास रैपुरा को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपी फरार है। सराहनीय योगदान दृ उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उनि संतोष सिंह यादव, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, आर. राहुल सिंह, राजेश पटेल, द्वारका प्रसाद एवं प्र.आर. चालक रवि खरे का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

पन्ना।

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 1 से 8 सितंबर तक अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह अजयगढ़ विकासखंड के सभी स्कूलों में मनाते हुए पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक साक्षरता का संदेश पहुंचाया गया इसी तारतम्य में साक्षरता सप्ताह के अंतिम दिवस 8 सितंबर को विकासखंड स्तरीय साक्षरता दिवस जनपद शिक्षा केंद्र अजयगढ़ में मनाया गया इस कार्यक्रम में विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र के असाक्षरों को साक्षर कर रहे अक्षर साथी भी शामिल हुए कार्यक्रम के दौरान कुछ अक्षर साथियों ने क्षेत्र



में कार्य करने के अपने-अपने अनुभव बताएं साथ ही जन शिक्षा केंद्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल शिक्षक भी कार्यक्रम में सहभागिता की कार्यक्रम में उपस्थित जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्री रमाकांत खरे जी द्वारा साक्षरता जैसे सामाजिक उत्थान के पुण्य कार्य को करने के लिए कहा गया। बीईओ अजयगढ़ नंदपाल सिंह एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डॉक्टर अरविंद सिंह जी द्वारा साक्षरता के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया विकासखंड सहसमन्यक श्री रामस्वरूप पाल द्वारा साक्षरता गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई कार्यक्रम। उक्त समाचार अतिथि शिक्षक सतीश चन्द्र सोनी द्वारा दिया गया।

खबर संक्षेप



## खजुराहो में पितृ पक्ष पर भागवत कथा का भव्य आयोजन

**खजुराहो।** पितृ पक्ष के अवसर पर खजुराहो के प्रेमसागर स्थित काली माता मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्वर्गीय रमाकांत गुप्ता की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। शिव सागर तालाब से जल भरकर कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो मतंगेश्वर महादेव मंदिर होते हुए प्रेमसागर स्थित काली माता मंदिर तक पहुंची। घोड़ा-बग्गी और डीजे से सुसज्जित इस कलश यात्रा में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। द्वितीय दिवस पर कथा प्रवचन का वाचन श्रीधाम वृंदावन के पंडित मृदुल बिहारी महाराज जी के मुखारविंद से किया जा रहा है। उनके साथ मंच पर आचार्य मुकेश नायक सहित रिमझिम संगीत ग्रुप की टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान श्रीमती विद्या देवी गुप्ता, स्वर्गीय रमाकांत गुप्ता, सुधा गुप्ता, भास्कर गुप्ता, शिखा गुप्ता, सौरभ गुप्ता एवं श्रीमती प्रतीक्षा गुप्ता हैं।

## गोल्ड लोन शाखा में हेराफेरी करने वाला पांच हजार का इनामी तत्कालीन सहायक मैनेजर गिरफ्तार

**छतरपुर।** मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के एरिया हेड सागर-2 द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत संचालित छतरपुर शाखा में गोल्ड संबंधी हेराफेरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। ऑडिट निरीक्षण के दौरान कुछ सोने के आभूषण के पैकेट ना मिलने एवं कुछ में नकली गोल्ड संबंधी अनियमितता पाई गई थी। थाना कोतवाली में संपत्ति का बेईमानी से दुरुपयोग, अपराधिक धोखाधड़ी संबंधी धाराओं में अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पांच हजार के इनाम की उद्घोषणा की थी। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान बारीकी से साक्ष्य एकत्र किए गए, शाखा के तत्कालीन सहायक मैनेजर से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त धोखाधड़ी, संपत्ति के दुरुपयोग करने वाले पांच हजार के इनामी आरोपी तत्कालीन सहायक मैनेजर कपिल तिवारी पिता अशोक तिवारी निवासी नायक कॉलोनी नौगांव को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। उक्त घटना में संलिप्त अन्य आरोपी की तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, उप निरीक्षक राम सिया चौधरी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह, आरक्षक अजय मिश्रा एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह



**हरपालपुर।** मध्य शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं राज्य कार्यक्रम समन्वयक रासेयो के निर्देशानुसार राजा हरपालसिंह शासकीय महाविद्यालय हरपालपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो डीएस परिहार, आजाद अली सहा प्रा समाजशास्त्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र विश्वकर्मा तथा कार्यक्रम प्रभारी रमाकांत नायक द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य द्वारा यम, नियम, संयम, प्राणायाम तथा प्रत्याहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अली सर ने नित्य दिन चर्या के बारे में, विश्वकर्मा सर ने संतुलित पोषण आहार, गोविंद रजक ने पांचों तत्वों (क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा) के बारे में तथा श्रीमती अमिता वर्मा ने भी पोषण आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत नायक ने किया। कार्यक्रम में समस्त छात्र छात्राएं, रासेयो स्वयं सेवक तथा अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### बच्चों की दिव्यांगता पहचान के लिए 15 सितंबर से 14 नवम्बर तक लगेंगे जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर

## शासन की पेंशन एवं योजनाओं का लाभ दिलाने चिंहित बच्चों को मिलेगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**छतरपुर।** जिले में 15 सितंबर से 14 नवम्बर 2025 तक जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संभावित दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही चिकित्सीय परीक्षण उपरांत दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा। 2 माह तक चलने वाले इन शिविरों का आयोजन किशोर न्याय समिति हाई कोर्ट की अनुशंसा के परिपालन में प्रदेश के समस्त बच्चों (जन्म से 18 वर्ष) में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए किया जा रहा है।कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि शिवरों के संबंध में आदेश जारी करें एवं जनपद सीईओ को रोस्टर अनुसार सचिव जी.आर.एस. और सीएमओ को वार्ड प्रभारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही शिविर आयोजन की व्यवस्था एवं व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, जनजातीय कार्य, स्वास्थ्य, आयुष, जनपदों एवं निकायों के अधिकारियों को शिविर के संबंध में अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं।

शिविरों में चिन्हांकित दिव्यांगजन बच्चों को 30 नवम्बर तक जिला मेडीकल बोर्ड द्वारा पुनः परीक्षण कर उपयुक्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी नंबर प्रदान किया जाएगा। जिससे उन्हें शासन की पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## आधा दर्जन गांवों के ऊपर उड़े संदिग्ध ड्रोन, ग्रामीण सहमे

**लवकुशनगर।** पुलिस अनुविभाग अंतर्गत आने वाले लगभग आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण रविवार की रात को उस वक्त सहम गए, जब उन्हें अचानक अपने घरों के ऊपर ड्रोन नजर आए। चूंकि ग्रामीणों ने हाल ही में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में ड्रोन का नाम सुना था, जिसके चलते ज्यादातर लोग दहशत में आकर घरों में दुबक गए। वहीं जब पुलिस अमले को इसकी भनक लगी तो पुलिस भी अलर्ट हो गई। क्षेत्र के एक स्थान पर एक ड्रोन गिरा भी, जिसे बाद में पुलिस ने जप्त किया है। सामेवार को दिन भर चली जांच के बावजूद इस मामले में कोई भी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार की रात करीब 9 बजे क्षेत्र के ग्राम जनकपुर, गुढ़ा खुर्द, बांसिया, बसंतपुर, टहनगा सहित करीब आधा दर्जन गांवों में घरों के ऊपर ड्रोन उडने की जानकारी पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही डायल-112 के दस्ते सहित थानों का पुलिस बल सक्रिय हुआ और गांव-गांव जाकर पड़ताल में जुट गया। इसी बीच पहरा चौकी क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा निवासी किसान अर्जुन सिंह के खेत में एक ड्रोन गिरने की जानकारी पुलिस को मिली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्रोन को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी है। गांवों में ऊपर ड्रोन उडने की खबर फैलते ही ग्रामीण दहशत में आ गए और घरों में दुबक गए। कारण यह था कि हाल ही में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ग्रामीणों ने ड्रोन का नाम सुना था, जिससे उनके जहन में ड्रोन का डर बैठा हुआ है। हालांकि कुछ ग्रामीण इसे महज अफवाह भी बता रहे हैं। रविवार की रात से सोमवार को पूरे दिन पुलिस अमला इस मामले में जांच में जुटा रहा लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई भी पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।

**इनका कहना**

क्षेत्र के कुछ स्थानों पर घरों के ऊपर ड्रोन देखे जाने की सूचना मिली थी, जिस पर क्षेत्रीय पुलिस अमले को तुरंत अलर्ट करते हुए जांच के लिए रवाना किया गया। एक स्थान पर से एक ड्रोन जप्त किया गया है, जिसे जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही क्षेत्र में जो लोग ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं उन्हें बिना अनुमति के ड्रोन न उड़ाने की नसीहत दी गई है। हमल लगातार मामले की जांच कर रहे हैं। यदि किसी स्थान पर ड्रोन दिखाई दे तो तुरंत डायल-112 पर सूचना दें।

**नवीन दुबे, एसडीओपी, लवकुशनगर**

## नवरात्रि में मचेगी गरबे की धूम हिंदू उत्सव समिति ने शुरू किया प्रशिक्षण, पंजीयन जारी

**छतरपुर।** जिले में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि में गरबे की धूम देखने को मिलेगी।



छतरपुर शहर में हिंदू उत्सव समिति ने प्रताप सागर चौपाटी पर 20 दिवसीय गरबा प्रशिक्षण शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी ओर रामानंद आश्रम सेवा समिति ने मेला ग्राउंड में 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक गरबा महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की है। दोनों समितियों ने शहरवासियों, खासकर महिलाओं और बच्चों, से इस सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन में शामिल होने की अपील की है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि समिति पिछले 18 वर्षों से छतरपुर में गरबा महोत्सव आयोजित कर रही है। इस वर्ष प्रताप सागर चौपाटी पर माता की आरती और बालिकाओं को तिलक-प्रसाद वितरण के साथ प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

# चंदला के नगर पंचायत हॉल में आयोजित होगी जनसुनवाई

### तहसील स्तर पर हो रही जनसुनवाई, जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संवेदनशील है। ताकि जनता को अपनी मूलभूत समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान तहसील स्तर पर ही मिले और उन्हें जिला मुख्यालय की दूरी तय न करना पड़े। इसके लिए कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला प्रशासन का नया और अनूठा नवाचार जारी है। विगत माह अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई सम्पन्न हुई। इसके बाद सितम्बर माह में तहसील स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। मंगलवार 9 सितंबर 2025 को चंदला में नगर पंचायत के मीटिंग हॉल में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में जिला अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने यह नवाचार ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों को होने वाली कठिनाईयों से निजात दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इससे लोगों के समय की भी बचत होगी। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार की निर्धारित तिथि अनुसार अपनी तहसील में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुंचे।

### इस दिन यहां होगी जनसुनवाई

09 सितम्बर को चंदला में, 16 सितम्बर को घुवारा में, 23 सितम्बर को महाराजपुर में और 30 सितम्बर को सटई तहसील में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

## पुलिस सेवा डायल 112 ने बिछड़ी दो बच्चियों को 1 घंटे के अंदर मिलवाया परिजनों से



**छतरपुर।** थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घूरा फोरलेन 39 हाईवे ब्रिज के पास रात्रि 9 बजे दो बच्चियों के होने की सूचना आकस्मिक पुलिस सेवा डायल 112 के माध्यम से प्राप्त हुई। पुलिस टीम शीघ्र ही मौके पर पहुंची एवं दोनों बच्चियों को महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में स्नेह पूर्वक संरक्षण में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा सक्रियता के साथ आसपास के क्षेत्र में बिछड़ी दोनों बच्चियों के परिजनों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई। जानकारी एकत्र कर 1 घंटे के अंदर दोनों बच्चियों को उनके परिजन जो कि थाना क्षेत्र बमीठा के ही निवासी हैं, पुष्टि कर सुरक्षित सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, प्रधान आरक्षक बसीर, आरक्षक निकेश, महिला आरक्षक रेशु एवं डायल 112 पायलट विपिन की भूमिका रही।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ जैसवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम मिलिंद नागदेवे, कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने समक्ष में ई.व्ही.एम. मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत गोदाम को खुलवाकर निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीव्ही कैमरों की लगातार हो रही रिकॉर्डिंग को चेक किया। इस दौरान सभी कैमरे चालू अवस्था में पाए गए और सुरक्षा गाड्र्स भी मुस्तैद मिले। इस आशय की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई। इस दौरान निरीक्षण के संधारित रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रति माह ई.व्ही.एम के बंद गोदाम एवं तीन माह में गोदाम को खोलकर चेक किया जाता है।

## पर्यूषण पर्व के समापन पर आज निकलेगी श्रीजी की पालकी विगत भूलों की क्षमा हेतु मनेगा क्षमावाणी पर्व

छतरपुर।

जैन धर्मावलंबियों के आत्म आराधना के दस दिवसीय पर्युषण पर्व के समापन के बाद अब आज 9 सितंबर को प्रात: साढ़े 7 बजे नगर में श्री जी की पालकी आर्यिकाश्री रिजूमति माता जी के ससंघ में निकाली जाएगी तथा परस्पर मनोमालिन्य दूर करने क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

प्रो.सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि दस दिवसीय पर्युषण पर्व की सोल्लास समाप्ति पर आज 9 सितंबर को श्रीजी की पालकी सुबह साढ़े सात बजे श्री नेमीनाथ जिनालय से प्रारंभ होगी, जो महल तिराहा, छत्रसाल चौक होते हुए अतिशय क्षेत्र डेरा पहाड़ी पहुंचेगी। यहां श्रीजी का अभिषेक पूजन पूरी धार्मिक प्रभावना के साथ किया जाएगा। इसके बाद ये पालकी डेरापहाड़ी से पुलिस लाइन, महल तिराहा होते हुए वापस श्री नेमिनाथ जिनालय पहुंच कर संपन्न होगी।

28 अगस्त 25 से प्रारंभ हुए पर्युषण पर्व 6 सितंबर को सोल्लास संपन्न हुए है। अब नगर में पालकी महोत्सव एवं क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। क्षमावाणी पर्व में विगत में हुई भूलों के लिए परस्पर क्षमायाचना की जाएगी, जिससे संबंधों में प्रगाढ़ता और मधुरता बनी रहे।पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन डेरापहाड़ी सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रात्रि 9 बजे सरस भजन प्रतियोगिता पंडित उमेश शास्त्री सांगानेर तथा प्रो सुमति प्रकाश जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। जूनियर तथा सीनियर दो वर्गों में विभाजित इस प्रतियोगिता में छोटे तथा बड़े प्रतिभागियों ने भजनों की मधुर प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथिद्वय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। इसके बाद सभागार में अवनी जैन द्वारा मंगलाचरण की मोहक प्रस्तुति के साथ प्रतियोगिता का सुंदर आगाज हुआ। निर्णायक मंडल में आरके जैन, मनोज जैन तथा गायिका कु. आस्था जैन सम्मिलित थे। कार्यक्रम का सरस संचालन स्मृति जैन ने किया।

## बमीठा में मेडिकल स्टोर व पेट्रोल पंप पर चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**बमीठा।** थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात करीब 2 बजे दो अज्ञात चोरों ने संदीप मेडिकल स्टोर को निशाना बनाया। चोर हाइवे से पैदल आए और पहले दुकान के बाहर रेकी करते नजर आए। इस दौरान वहां से गुजर रहे दो ट्रैक्टर चालक कुछ देर उनके साथ बातचीत करते हुए दिखाई दिए, जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

ट्रैक्टर चालक के वहां से जाने के बाद चोरों ने मेडिकल स्टोर के बगल का दरवाजा तोड़कर दुकान में प्रवेश किया। गनीमत रही कि मेडिकल स्टोर से चोरों के हाथ मात्र 300 रुपये की चिल्लर ही लगी। वारदात यहीं नहीं रुकी। मेडिकल स्टोर के बगल के घर से जानकी सेन की हीरो होंडा बाइक चोरी हो गई। इसके बाद चोर खैरी पेट्रोल पंप पहुंचे और वहां कर्मचारियों के दो मोबाइल फोन भी चुरा लिए। सूचना मिलते ही बमीठा पुलिस मौके पर पहुंची। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं और पुलिस पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## स्कूल वाहनों में ओवर लोडिंग पर बड़ी कार्रवाई, 4 वाहन चालान, 24 की जांच



**छतरपुर।** स्कूलों से जुड़े प्राइवेट वाहनों और टैक्सियों में बच्चों को ठूस-ठूसकर ले जाने की शिकायतों पर परिवहन विभाग ने सख्ती दिखाई है। बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही इस लापरवाही को रोकने के लिए सोमवार को परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर 24 स्कूल वाहनों की जांच की।

परिवहन अधिकारी मधु सिंह ने बताया कि जांच के दौरान 4 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई, जबकि अन्य के दस्तावेज खंगाले गए। कई वाहन बिना फिटनेस और ओवरलोड मिले। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे वाहनों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अधिवक्ता अनिल द्विवेदी ने बच्चों से लदी एक टैक्सी को रास्ते में रोककर चालक को समझाइश दी। इस घटना ने लोगों का ध्यान स्कूल वाहन सुरक्षा की गंभीर स्थिति की ओर खींचा है। परिवहन अधिकारी ने चेतावनी दी है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना फिटनेस और ओवरलोड वाहनों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## लवकुशनगर जिला बनाने की मांग को लेकर दिदवारा में संकल्प सभा आयोजित



**लवकुशनगर।** लगभग 25 वर्षों से लवकुशनगर को जिला बनाने की मांग लगातार उठाई जा रही है। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्रीय लोग कई बार सरकार तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं। यहां तक कि पहले भी मुख्यमंत्री के जिले में आगमन के दौरान युवाओं ने मंच तक पहुंचकर यह मांग रखी थी, लेकिन उस समय प्रशासन ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। इसी क्रम में बीते रोज ग्राम पंचायत दिदवारा में जिला बनाने की मांग को लेकर एक संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में क्षेत्र के युवाओं ने लवकुशनगर जिला बनाने की मांग को जोर-शोर से उठाने की रणनीति बनाई। सभा में मौजूद युवाओं ने बताया कि लवकुशनगर क्षेत्र जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर है, जिसके कारण लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक दिन में आना-जाना संभव नहीं हो पाता, जिससे आमजन को समय और धन दोनों की हानि होती है। संकल्प सभा में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में सभी पंचायतों में ऐसी सभाएं आयोजित की जाएंगी ताकि इस मांग को और मजबूती मिल सके। सभा में प्रमुख रूप से कुंवर चौरसिया, सुमित, हर्षित सोनी, प्रताप सिंह यादव, नाथूराम अहिरवार, राकेश यादव, युगराज सिंह, निर्दोष गुप्ता, संजू यादव, संखनंदन कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खजुराहो के नज़दीक ग्राम टिकुरी में जंगली सियार का आतंक

### जंगली सियार के हमले में 3 महिलाओं सहित 7 घायल



**खजुराहो।** थानांतर्गत ग्राम टिकुरी में सुबह लगभग 9 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब एक जंगली सियार ने ग्राम वासियों पर हमला कर दिया, जिसमें किसी को चेहरे में किसी को पेट में किसी को पैर में, किसी को जांघ में जंगली सियार द्वारा जख्मी किया गया है। इस दौरान 3 महिलाओं सहित 7 लोगों को काट कर घायल कर दिया, और भाग गया। ग्राम के बद्री अवस्थी सभी घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खजुराहो आए जहां पर ड्यूटी पर मौजूद डॉ.उमराव ने घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए बताया कि खतरे की कोई बात नहीं है,सभी को इंजेक्शन दे दिए हैं। घायलों ने बताया कि ग्राम में कभी भी जंगली जानवर आ जाते हैं वन विभाग को ध्यान देना चाहिए। घायलों में गोरेलाल अहिरवार, केशर तिवारी, रम्मू बाई, रोशनी तिवारी, भवानीदीन सेन, अशोक अवस्थी सहित 7 ग्रामीण शामिल हैं।

**इनका कहना-**

मुझे जानकारी मिली तो मैंने वन अमले को मौके पर भेजा साथ ही सभी घायलों की रिपोर्ट के लिए डाक्टर को लिखा है जिसके आधार पर मुआवजे की कार्यवाही की जाएगी। लोग सावधानी बरतें कभी कभार जंगली जानवर भटक कर आबादी क्षेत्र में आ जाते हैं।

**- नीलेश प्रजापति, वन परिक्षेत्र अधिकारी लवकुशनगर**

## मोबाइल दुकान पर हमला, दर्जनों युवकों ने की मारपीट



तीन घायल, आधा दर्जन पर मामला दर्ज, अन्य भी शामिल

नौगांव।

रविवार दोपहर करीब 12 बजे नगर के छत्रसाल मार्केट स्थित गणेश मंदिर के पास एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान पर अचानक उपद्रव मच गया। करीब दो दर्जन से अधिक युवक दुकान पर पहुँचकर दुकानदार और उसके भतीजों के साथ जमकर मारपीट करने लगे। घटना से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि आसपास के कुछ दुकानदारों ने बीच-बचाव किया, जिससे स्थिति और गंभीर नहीं हो पाई। लेकिन हमलावर युवक इतने बेखौफ थे कि पुलिस की मौजूदगी में भी मारपीट जारी रखी।

### विवाद से शुरू हुई मारपीट

नीरज नामदेव पिता शिवकुमार नामदेव (40 वर्ष, निवासी कन्हैयालाल पार्क, वार्ड 9, नौगांव) ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भतीजे विवेक नामदेव और अमरदीप नामदेव के साथ दुकान पर मौजूद थे। तभी ग्राम बिलहरी के राजकुमार सोनकर, प्रहलाद सोनकर और गोलू सोनकर मोबाइल रिपेयरिंग को लेकर विवाद करने लगे।

नीरज के अनुसार, जब उन्होंने मोबाइल की मरम्मत सही होने की बात कही और कमी होने पर तुरंत सुधारने की बात कही, तभी तीनों युवक दुकान में घुस आए। राजकुमार सोनकर ने उनकी कॉलर पकड़ ली, प्रहलाद सोनकर ने लोहे की पाइप से हमला किया जिससे उनकी दाहिनी आँख के पास चोट आई और खून बहने लगा, जबकि गोलू सोनकर ने लात-घूँसों से मारपीट की। थोड़ी देर बाद सूरज सोनकर, हरिश्चन्द्र सोनकर और ओमप्रकाश सोनकर भी दुकान पर पहुँच गए और गाली-गलौज करते हुए हमला किया। बीच-बचाव करने आए विवेक नामदेव को हरिश्चन्द्र सोनकर ने लोहे की पाइप से सिर, कंधे, पैर और पसलियों पर चोट पहुँचाई। वहीं अमरदीप नामदेव पर सूरज सोनकर ने लोहे की पाइप से गले, हाथ और घुटने पर प्रहार किया। ओमप्रकाश सोनकर और अन्य युवकों ने भी अमरदीप को लात-घूँसों से मारा। हमले के दौरान आरोपियों ने दुकान के अंदर तोडफ़ोड़ भी की।

सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुँचा, लेकिन युवकों की भीड़ हिंसक बनी रही। बाद में अतिरिक्त बल पहुँचने पर ही स्थिति काबू में आई। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों राजकुमार सोनकर, प्रहलाद सोनकर, गोलू सोनकर, सूरज सोनकर, हरिश्चन्द्र सोनकर और ओमप्रकाश सोनकर पर नामजद मामला दर्ज किया है। साथ ही कुछ अन्य युवक भी इसमें शामिल बताए जा रहे हैं।

### इन धारियों पर हुआ मामला दर्ज

पुलिस ने आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 115 (2) (1), 296 (2), 3 (5) (3), 324 (4), 332 (सी) एवं 351 (3) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जिले में स्क्रब टाइफस का बढ़ा खतरा, एसजीएमएच में मरीजों की भारी भीड़, 8 महीने में 275 केस प्रतिदिन मेडिसिन विभाग में विभिन्न बीमारियों के 100 से ज्यादा रोगी हो रहे अस्पताल में

रीवा। संजय गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिसिन विभाग में इन दिनों मरीजों की संख्या बेतहाशा बढ़ गई है। वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम और निमोनिया के साथ अब स्क्रब टाइफस के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। हालात यह हैं कि ओपीडी खुलते ही अस्पताल परिसर में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ती है और भर्ती वार्डों में जगह कम पड़ रही है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इन दिनों औसतन 100 मरीज प्रतिदिन भर्ती हो रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो बुखार, थकान, शरीर में दाने, मांसपेशियों में दर्द और सिरदर्द जैसी शिकायतों के साथ पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों की मानें तो इनमें से कई मरीज स्क्रब टाइफस के संभावित लक्षणों के साथ आ रहे हैं। हर दिन औसतन 5-6 ऐसे मरीज सामने आ रहे हैं जिन्हें स्क्रब टाइफस की आशंका पर भर्ती किया जा रहा है। स्क्रब टाइफस एक बैक्टीरियल इंफेक्शन है, जो एक खास प्रकार के माइट (पिस्सू जैसे कीट) के काटने से फैलता है। यह कीट बरसात के मौसम में गीली मिट्टी, घास और







झाड़ियों में तेजी से पनपते हैं। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग, विशेष रूप से किसान, जब खेतों और कच्चे रास्तों पर काम करते हैं, तो इन माइट्स के संपर्क में आने की संभावना बढ़ जाती है। डॉक्टरों का कहना है कि मानसून के दौरान और इसके तुरंत बाद यानी जुलाई से नवंबर तक स्क्रब टाइफस का प्रकोप सबसे अधिक होता है। बीमारी की पहचान अक्सर मुश्किल होती है क्योंकि शुरुआती लक्षण डेंगू या वायरल फीवर जैसे ही होते हैं।बॉक्स रीवा और मऊगंज में अब तक 275 केस, अगस्त में सर्वाधिकस्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से अगस्त 2025 तक रीवा और मऊगंज जिलों में कुल 275 स्क्रब टाइफस के केस दर्ज किए गए हैं। इनमें से अकेले अगस्त माह में 86 केस सामने आए हैं, जो अब तक की सबसे अधिक संख्या है, डॉक्टरों का कहना है कि कई मामलों में ब्लड रिपोर्ट निगेटिव आने के बावजूद लक्षणों के आधार पर इलाज शुरू किया जाता है, और मरीजों को आराम मिल जाता है।बॉक्सअस्पताल में व्यवस्था चरमराई, फ्लोर बेड की संख्या बढ़ाई गईमेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की संख्या इतनी बढ़ चुकी है कि बेड की भारी किल्लत हो गई है। कई वार्डों में फ्लोर बेड लगाए गए हैं। मेडिसिन, गायनी और बाल रोग विभाग में हालात सबसे गंभीर हैं। बाल रोग वार्ड में एक-एक बेड पर तीन-तीन बच्चों को रखा जा रहा है, जबकि गायनी वार्ड में दो-दो महिलाओं को एक बेड पर भर्ती करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि फिलहाल लगभग 200 फ्लोर बेड लगाए जा चुके हैं।बाक्स ओपीडी में प्रतिदिन तीन हजार से अधिक मरीजसंजय गांधी मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशिएलिटी और गांधी स्मृति अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन तीन हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या से अस्पताल प्रशासन की व्यवस्थाएं लड़खड़ा गई हैं और स्वास्थ्यकर्मियों पर काम का अत्यधिक दबाव है।बॉक्स स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाहझाड़ियों और घास में बैठने या लेटने से बचें।खेतों में काम करते समय पूरी बांह के कपड़े और जूते पहनें। बुखार, शरीर पर दाने और मांसपेशियों में दर्द जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और कीटनाशकों का प्रयोग करें।बॉक्स अब एक अटेंडर को ही मिलेगी साथ रहने की अनुमति, दिन में सिर्फ दो घंटे ही मरीजों से मिलने की रहेगी छूटअस्पताल प्रबंधन ने मरीजों की भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए नई व्यवस्था लागू की है। अब हर भर्ती मरीज के साथ केवल एक अटेंडर को ही रहने की अनुमति दी जा रही है। यह व्यवस्था 4 सितंबर से लागू कर दी गई है।व मरीज से मिलने का समय भी निर्धारित कर दिया गया है जिसमे दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परिजन मरीज से मुलाकात कर सकेंगे। इसके लिए किसी गेट पास की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन अस्पताल द्वारा जारी किया गया पर्चा अटेंडर के पास होना अनिवार्य रहेगा। अस्पताल में लोगों की भीड़ होने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। संक्रमण से मरीज और बीमार हो सकते है। वहीं संक्रमण से अस्पताल आने वाले लोग भी बीमार हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### डबल लाक केन्द्रों तथा इफको ई-बाजार के माध्यम से किसानों को उपलब्ध करायी जा रही है खाद




रीवा । जिले में मार्फेड के डबल लॉक केन्द्रों के इफको ई-बाजार के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है। खाद वितरण के लिए किसानों को पहले टोकन प्रदान किये गये तदुपरांत किसानों को क्रमानुसार खाद का विक्रय किया जा रहा है। 9 सितंबर को उन्हीं किसानों को खाद का वितरण किया जायेगा जिन्हें टोकन प्राप्त हो चुका है। वितरण केन्द्र रीवा, उमरी, चाकघाट, जवा, गुढ़, के साथ ही बरहदी, लक्ष्मणपुर, दुआरी, अतरैला (चाकघाट), गुढ़वा केन्द्रों में भी 8 सितंबर को खाद का वितरण किया गया। सेमरिया एवं मनगवां इफको ई बाजार केन्द्रों में भी उपलब्ध यूरिया खाद का किसानों को सुगमतापूर्वक वितरण किया गया। इसी प्रकार जिले की सेवा सहकारी समितियों में किसानों को उपलब्ध खाद का सुगमता से वितरण किया गया। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में खाद का वितरण किया जा रहा है। जिले को लगातार खाद की आपूर्ति हो रही है। पर्याप्त उपलब्धता के आधार पर ही किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि जिले में खाद की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित होने के साथ ही प्रशासनिक नियंत्रण एवं पर्वेक्षण में कृषकों को नगद एवं परमिट द्वारा खाद उपलब्ध कराई जा रही है।

### 17 को पद्मधर पार्क में कांग्रेस का शताब्दी महासम्मेलन, श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा का होगा अनावरण

रीवा। पद्मधर पार्क में 17 सितंबर को कांग्रेस का श्रीयुत शताब्दी पर्व महासम्मेलन आयोजित होगा। इसकी तैयारी बैठक रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में हुई। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में जिल्ला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों, किसानों, मजदूरों और महिलाओं के साथ की जा रही नाइंसाफी को दूर करने में यह सम्मेलन मददगार साबित होगा और कांग्रेस पार्टी के लिए मील का पत्थर होगा। शहर - कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक में उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कांग्रेस जन जुटे। बैठक में अजय मिश्रा ने कहा कि महापौर बनने के पहले ही हम सभी कांग्रेस के पार्षदों ने अपने जिले की महान विभूतियों की प्रतिमाओं को रीवा में स्थापित करने का संकल्प पारित कराया था। श्रीनिवास तिवारी, महाराजा मार्तंड सिंह जूदेव और यमुना प्रसाद शास्त्री की प्रतिमाओं को विभिन्न चौराहों पर लगाने का निश्चय किया और अब पक्ष-विपक्ष के पार्षदों के सहयोग से यह प्रयास धरातल पर उतरने जा रहा है। महापौर ने कहा, कि इस 17 सितंबर को श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा का अनावरण होगा। सिरमौर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी डॉ. अरुणा तिवारी ने उपस्थित कांग्रेस जनों और रीवा जिला वासियों से 17 सितंबर को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आमंत्रण दिया।

### जिले भर में 15 से 19 सितम्बर तक मनाया जाएगा कर्मयोगी पोर्टल पर सीखें सप्ताह

रीवा । जिले में विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा में कार्य करने वालों का शासन के निर्देशों के अनुसार आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीयन कराया गया है। पंजीकृत शासकीय सेवकों को आईजीओटी पोर्टल तथा ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़ ने कहा है कि शासन के निर्देशों के अनुरूप 15 से 19 सितम्बर तक कर्मयोगी आईजीओटी पोर्टल पर सीखें सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में सभी पंजीकृत अधिकारी पोर्टल के माध्यम से दिए जा रहे कम से कम दिए जा रहे दो प्रशिक्षणों में अनिवार्य रूप से शामिल रहें। अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी आईजीओटी प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करें। प्रभारी कलेक्टर ने कहा है कि विभाग द्वारा आईजीओटी पोर्टल पर प्रशिक्षण देने के लिए 12 सितम्बर तक सभी अधिकारी अधीनस्थों को समुचित निर्देश जारी करें। प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी की तैनाती की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इसके लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## नासिक की फैक्ट्री में दर्दनाक हादसा, मशीन में फंसा रीवा का 16 वर्षीय किशोर, मौके पर ही मौत

गरीब परिवार का इकलौता सहारा था आशीष, परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का लगाया आरोप

रीवा ।

*जिले के सिरमौर थाना अंतर्गत दुलहरा गांव के एक 16 वर्षीय किशोर की महाराष्ट्र के नासिक में एक कागज बनाने वाली फैक्ट्री में काम के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। किशोर की पहचान आशीष कोल पिता राजमणि कोल के रूप में हुई है। घटना 3 सितंबर की बताई जा रही है, जब आशीष काम के दौरान फैक्ट्री की मशीन में फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, 5 सितंबर की रात जैसे ही एंबुलेंस से आशीष का शव गांव पहुंचा, पूरे दुलहरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन बिलख पड़े और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने पहले एंबुलेंस को रोक लिया, एफआईआर की कॉपी और फैक्ट्री प्रबंधन की जवाबदेही की मांग की। बाद में गांव के सरपंचों और संस्था सेवा समित की मध्यस्थता से एंबुलेंस को रवाना होने दिया गया। परिजनों का कहना है कि हादसे के तुरंत बाद 3 सितंबर को फैक्ट्री प्रबंधन और ठेकेदार ने संपर्क किया था, लेकिन इसके बाद से उन्होंने बातचीत बंद कर दी। न तो मुआवजे की कोई बात की गई, और न ही एफआईआर की कॉपी दी गई। शव तो भेजा गया, लेकिन पूरी प्रक्रिया में परिवार को अंधेरे में रखा गया। मृतक आशीष के परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय बताई जा रही है। माता-पिता मजदूरी के सिलसिले में पुणे में रहते हैं। आशीष कुछ महीने पहले अपने मामा के साथ नासिक गया था, जहां यह हादसा हुआ। जिस उम्र में आशीष को स्कूल जाना चाहिए था, उस उम्र में वह श्रमिक बनकर जान गंवा बैठा। घटना की सूचना मिलते ही दुलहरा, खैरहन और राजगढ़ के सरपंचों के साथ स्थानीय समाजसेवी संस्था सेवा समित की टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। सभी ने प्रशासन से तत्काल न्याय दिलाने और मुआवजा दिलवाने की मांग की है।*

## हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें - मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में आमजनता के आवेदनों में की सुनवाई






रीवा । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। मुख्यमंत्री ने बालाघाट, उमरिया, देवास, पांढुर्णा, भिंड, पन्ना, शहडोल, टीकमगढ़, कटनी तथा दमोह जिले के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र हितग्राही को समय पर शासन की योजनाओं का लाभ दें। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। लंबित छात्रवृत्ति का एक माह में भुगतान कराएं। नलजल योजनाओं का संचालन ग्राम पंचायत और पीएचई विभाग मिलकर करें। गरीबों के लिए बनाए गए आवासों का समय पर आवंटन करें। आवासों में अवैध कब्जे पर कड़ी कार्यवाही करें। पुलिस विभाग बेटियों के गुमने की घटनाओं पर संवेदनशीलता और तत्परता से कार्यवाही करे तथा बेटियों को उनके परिजनों के पास सुरक्षित पहुंचाएं। समाधान ऑनलाइन में मऊगंज जिले की आवेदिका राजकुमारी साकेत द्वारा नल से पानी की आपूर्ति न होने की शिकायत की गई थी। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि नलजल योजना ग्राम पंचायत को हैंडओवर होने के बाद पंप तथा वाल्व आपरेटर द्वारा लापरवाही बरती गई जिससे ग्राम नीवी शिवरतन के 10 घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था। इस कमी को दूर करके अब पानी की नियमित आपूर्ति की जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, अपर कमिश्नर नीतू माथुर तथा कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तकनीकी नवाचारों से होगा रोगियों का सटीक और प्रभावी इलाज : डिप्टी सीएम दंत चिकित्सा में आधुनिक तकनीकों की ओर कदम, रीवा मेडिकल कॉलेज में लेजर तकनीक पर कार्यशाला हुई आयोजित



रीवा। श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के दंत रोग विभाग द्वारा रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका केंद्र बिंदु दंत चिकित्सा में लेजर तकनीक का प्रयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य दंत रोगों के उपचार में आधुनिक तकनीकी नवाचारों को चिकित्सा समुदाय से परिचित कराना और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को बढ़ावा देना था। कार्यशाला के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ला रहे। उन्होंने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि दंत चिकित्सा के क्षेत्र में लेजर तकनीक एक क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इससे इलाज अधिक सटीक, प्रभावी और रोगी के लिए सुविधाजनक होगा। उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सा शिक्षा में तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि दंत विभाग के विस्तार से संबंधित सभी प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजे जाएं, ताकि उन पर सकारात्मक निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का दायरा और अधिक बढ़ाया जाना चाहिए ताकि प्रदेश के कोने-कोने में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गगन जायसवाल, एसोसिएट डीन एवं विभागाध्यक्ष, राऊ डेंटल कॉलेज, इंदौर ने लेजर तकनीक द्वारा दंत, मुख एवं चेहरे की बीमारियों के उपचार के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने लेजर के फायदे, सुरक्षा मानक और इसके चिकित्सकीय परिणामों को लेकर अनेक प्रायोगिक उदाहरण भी साझा किए।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील अग्रवाल, अधिष्ठाता, श्याम शाह मेडिकल कॉलेज तथा विशेष अतिथि डॉ. राहुल मिश्रा, संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक रहे।इस कार्यशाला की संयोजिका डॉ. गीता त्रिपाठी ने बताया कि लेजर तकनीक भविष्य में दंत चिकित्सा की धारा को बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक न केवल इलाज की प्रक्रिया को आसान बनाएगी, बल्कि रोगियों की पीड़ा को भी न्यूनतम करेगी।बाक्स संभागभर से जुटे दंत विशेषज्ञइस कार्यशाला में रीवा सहित शहडोल, मऊगंज, अनूपपुर, सोधी और सतना जिलों से आए अनेक दंत रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।साथ ही, लेजर तकनीक की उपयोगिता को लेकर एक खुले संवाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए।

## तीन दिन तक सड़क में फंसा रहा ट्रक सीवर लाइन कार्य से बिगड़ी सड़कें



रीवा। शहर में सीवर लाइन डाले जाने का कार्य नागरिकों के लिए राहत की बजाय मुसीबत बनता जा रहा है। अधूरी खुदाई, लापरवाही भरा निर्माण और मरम्मत की अनदेखी से कई क्षेत्रों की सड़कें जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि पीटीएस के पास एक ट्रक बीते तीन दिन तक सड़क में धंसा रहा। ट्रक के फंसने से न सिर्फ यातायात बाधित हुआ बल्कि राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, पीटीएस के पास सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़क की खुदाई की गई थी। लेकिन निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया और सड़क की मरम्मत नहीं की गई। इसी अधूरी खुदाई में एक सीमेंट से भरा भारी ट्रक धंस गया। ट्रक के पिछले पहिए सड़क में धंसते ही वह वहीं फंस गया और आगे-पीछे हिलना भी मुश्किल हो गया। घटना की सूचना निर्माण एजेंसी और नगर निगम को दी गई थी, लेकिन तीन दिनों तक किसी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को सुधारने की कोशिश नहीं की। न तो निर्माण कंपनी की ओर से कोई सहायता भेजी गई, न ही नगर निगम ने कोई कार्रवाई की। थक-हार कर आखिरकार ट्रक मालिक को खुद ही पहल करनी पड़ी। ट्रक को बाहर निकालने के लिए तीन क्रेन मशीनों की मदद ली गई। घंटों की मशक्कत के बाद ट्रक को सड़क से बाहर निकाला जा सका। इस दौरान आवागमन पूरी तरह बाधित रहा और आमजन को वैकल्पिक रास्तों से गुजरना पड़ा। क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर निगम और निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि सीवर लाइन का कार्य जहां-जहां किया जा रहा है, वहां की सड़कों को जानबूझकर ऐसे ही छोड़ा जा रहा है। यह न सिर्फ दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है बल्कि भारी वाहनों के फंसने से यातायात व्यवस्था भी चरमराई हुई है।

## मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में आमजनता के आवेदनों में की सुनवाई



हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें - मुख्यमंत्री

**मऊगंज। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। मुख्यमंत्री ने बालाघाट, उमरिया, देवास, पांढुर्णा, भिंड, पन्ना, शहडोल, टीकमगढ़, कटनी तथा दमोह जिले के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र हितग्राही को समय पर शासन की योजनाओं का लाभ दें। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। लंबित छात्रवृत्ति का एक माह में भुगतान कराएं। नलजल योजनाओं का संचालन ग्राम पंचायत और पीएचई विभाग मिलकर करें। गरीबों के लिए बनाए गए आवासों का समय पर आवंटन करें। आवासों में अवैध कब्जे पर कड़ी कार्यवाही करें। पुलिस विभाग बेटियों के गुमने की घटनाओं पर संवेदनशीलता और तत्परता से कार्यवाही करे तथा बेटियों को उनके परिजनों के पास सुरक्षित पहुंचाएं।**

समाधान ऑनलाइन में मऊगंज जिले की आवेदिका राजकुमारी साकेत द्वारा नल से पानी की आपूर्ति न होने की शिकायत की गई थी। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि नलजल योजना ग्राम पंचायत को हैंडओवर होने के बाद पंप तथा वाल्व आपरेटर द्वारा लापरवाही बरती गई जिससे ग्राम नीवी शिवरतन के 10 घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था। इस कमी को दूर करके अब पानी की नियमित आपूर्ति की जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, अपर कमिश्नर नीतू माथुर तथा कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## इटहा कला में वित्तीय साक्षरता सैचुरेशन कैंप का हुआ आयोजन

मऊगंज




जिले के जनपद पंचायत नईगढी की ग्राम पंचायत इटहा कला के सचिव यज्ञनारायण साहू द्वारा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच कृष्णा पटेल ने किया विशिष्ट अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत की वरिष्ठ पंच हीरा कली पटेल एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक छोटेलाल पटेल उपस्थित रहे वही कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम पंचायत की रोजगार सहायक नेहा पटेल ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिश्र ने सर्वप्रथम गांव की उपस्थिति जनता का अभिवादन किया तत्पश्चात सरकार की विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दें जैसे बैंक में खाता का महत्व बैंक में खाता इसलिए खोलना आवश्यक है क्योंकि सरकार द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है की हितग्राही के खाते में डायरेक्ट राशि जाए ताकि बीच में कोई बंदरबांट ना हो इसलिए बैंक में खाते से कुछ पैसे की बचत भी होती है परंतु लोग खाता खोल लेते हैं बहुत जनधन के खाते खोले गए थे परंतु कई वर्षों से लेन-देन नहीं हुए और वह खाते बंद पड़े हैं इसलिए आप सभी से विनम्र अनुरोध है की खाता की रीकेवाईसी करा कर उसे चालू कर ले पर यदि आपके पास कई खाते हैं और लेन-देन नहीं कर पा रहे हैं तो आवेदन देकर खाता को बंद कर सकते हैं खाते में नॉमिनी का महत्व होता है जब खाते में नॉमिनी नहीं होता और खातेदार की मृत्यु हो जाती है तो उनके वरिश को पैसा लेने में काफी दिक्कतें होती हैं और कई बार बैंक के चक्कर काटने पड़ते हैं और जो उसकी प्रक्रिया है उसको पूरा करने के बाद ही पैसे मिल पाते हैं इसलिए अपने रहते हुए अपने खाता में नॉमिनी का फॉर्म अवश्य भर दें ताकि आपके ना रहने पर नॉमिनी को तुरंत पैसा ट्रांसफर कर दिया जाए खाते में मोबाइल का महत्व हर खाता धारक को अपने खाते में मोबाइल नंबर दर्ज करा देना चाहिए ताकि कोई भी राशि आने पर या निकालने पर आपको मैसेज के माध्यम से जानकारी मिल जाए इसी तरह से सरकार द्वारा जन सुरक्षा अभियान के तहत सेचुएशन कैंप चलाए जा रहे हैं सरकार की मंशा है की हर खाता में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, और जीवन ज्योति बीमा जरूर हो जाए क्योंकि जब किसी गरीब परिवार की आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो नॉमिनी को कोई आर्थिक मदद नहीं मिल पाती इसलिए यह दोनों बीमा आवश्यक है इसी तरह से अटल पेंशन योजना जिसको बुढ़ापे की लाठी कही जाती है 18 साल से 40 साल के बीच का हर महिला पुरुष अपने खाते से कर सकता है और 60 वर्ष पूरा होने पर पेंशन के रूप में जीवन पर्यन्त मिलेगा उसके मृत्यु के पश्चात नॉमिनी को और पति पत्नी दोनों के न रहने पर 850000 बच्चों को बैंक के माध्यम से दिए जाएंगे जो की बहुत बड़ी राशि है और एक गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी मदद होगी इसी तरह से यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मऊगंज में खुला हुआ है वहां पर 63 प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं जैसे ब्यूटी पार्लर, कढ़ाई ,बुनाई, सिलाई ,इत्यादि जिस परिवार का गरीबी रेखा में नाम है और 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच के लोग हैं वह निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं और प्रमाण पत्र मिलने के बाद उसके आधार पर बैंक से लोन लेकर स्वयं का बिजनेस शुरू कर सकते हैं एजुकेशन लोन कक्षा 12 में जिन छात्र एवं छात्राओं का 85% से ऊपर रिजल्ट है और उनके पिताजी की आर्थिक स्थिति कमजोर है उनके पास नौकरी एवं जमीन नहीं है उनको बैंक से चार लाख 50000 मिलते हैं उस पैसे से पढ़ाई करें और आत्मनिर्भर होने के बाद धीरे-धीरे करके बैंक का पैसा चुकता करें योजनाएं बहुत है उसको जानना बहुत आवश्यक है और जानने के बाद ही लाभ लेने में सरलता होती है वर्तमान में साइबर फ्रॉड की बहुत घटनाएं हो रही हैं लोग कभी जिला पंचायत के नाम पर कभी बैंक के कर्मचारी बनाकर फोन लगाते हैं और आप ओटीपी या अपनी गोपनीय जानकारी दे देते हैं और आपके खाते से आपकी गाढी कमाई निकल जाती है इसलिए कोई अजनबी व्यक्ति आपके पास फोन लगता है और आपसे कोई भी को अपनी जानकारी मांगता है कृपया आप कतई शेयर ना करें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती पटेल ने कहा की आज मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है इतना सुंदर आयोजन हमारे ग्राम पंचायत में हुआ और सर द्वारा हमारे हितग्राहियों को अच्छी जानकारी बताई गई हम चाहेंगे कि बैंक से जुड़कर आप अधिक से अधिक लाभ लें ताकि सरकार की मंशा पूरी हो और सर के बताने का भी मतलब सिद्ध हो कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोजगार सहायक नेहा पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुषमा पटेल ज्ञानवती साकेत शिवकली पटेल प्रमिला नामदेव सहायिका गीता पटेल सीमा साकेत निर्मला नामदेव एवं आशा कार्यकर्ता अर्चना पटेल पुष्पा पटेल पंचवती पटेल नीता नामदेव सुचेता तिवारी राहुल कुमार नामदेव कुलदीप नामदेव विद्यासागर नामदेव विनोद कुर्मी अमृतलाल साकेत गेंदलाल पटेल राजेंद्र पटेल हीरालाल नामदेव राम दरस नीरत केस कली पटेल सुनीता पटेल छोटेलाल पटेल प्रेमवती पटेल कुसुम कली पटेल भैया लाल पटेल सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष हितग्राही उपस्थित रहे।